


भारत ने साउथ अफ्रीका को आखिरी टी20ध में 135 रन से हराकर चार मैच की सीरीज को 3-1 से जीत लिया है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने लगातार तीसरी सीरीज जीती है।


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:29 अंक:191 दिनांक:16-11-2024 शनिवार मूल्य:1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M




झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में कई लोगों की आंखों का आकर्षण होंगी।

## एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के कारण ग्रेप स्टेज 3 लागू

- स्कूलों और निर्माण परियोजनाओं पर प्रतिबंध

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से लड़ने के लिए ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान (ग्रेप)का स्टेज 3 का लागू होना एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। इस प्लान के तहत कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध और निर्माण कार्यों पर रोक शामिल हैं। इसके साथ ही, स्कूलों में छुट्टियों की घोषणा भी की गई है। ग्रेप स्टेज 3 के अंतर्गत एनसीआर में सभी निर्माण कार्यों को पूरी तरह से रोक दिया जाएगा, सिवाय कुछ जरूरी परियोजनाओं के। इससे न केवल निर्माण कंपनियों पर असर पड़ेगा, बल्कि सड़क निर्माण कार्यों पर भी यह नियम लागू होगा। आगे बढ़ते हुए, बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों की आवाजाही को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे लगभग 5.5 लाख वाहन प्रभावित होंगे। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर गंभीर होने के कारण प्राइमरी से कक्षा 5 तक के स्कूलों को बंद कर दिया गया है और उन्हें ऑनलाइन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। नोएडा और गाजियाबाद में फिलहाल स्कूलों को बंद करने के निर्देश नहीं दिए गए हैं, लेकिन आउटडोर गतिविधियों को रोक लगा दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रस्तावित मौसमी परिवर्तनों के कारण प्रदूषण और भी बढ़ सकता है। इन परिवर्तनों में पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद मैदानों में तापमान का गिरना, हवाओं की गति में कमी आना और नमी का बढ़ना शामिल है।

इन मौसमी परिवर्तनों ने धुंध की चादर को और भी गहरा कर दिया है, जिससे प्रदूषण का स्तर और भी खतरनाक हो सकता है। एनसीआर में कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो चुकी है, और इसके स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो सकते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे बाहर जाने से बचें और यदि आवश्यक हो तो मास्क का इस्तेमाल करें। नागरिकों से सरकार द्वारा जारी की गई दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

## झांसी के मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग में 10 बच्चों की मौत, 30 से अधिक को बचाया; सेना को बुलाया

झांसी, झांसी के मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। हादसे में अब तक 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। बचाव टीम रेस्क्यू में लगी हुई है। वार्ड में करीब 47 नवजात भर्ती थे।

शुक्रवार देर-रात महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष एसएनसीयू वार्ड में भीषण आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की झुलसने एवं दम घुटने से मौत हो गई। जिस वार्ड में आग लगी थी, वहां 47 नवजात भर्ती थे।

खबर लिखे जाने तक वार्ड से 31 नवजात को बाहर निकाल लिया गया था। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। सेना को भी बुला लिया। सेना एवं दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। दस नवजात की मौत से अस्पताल परिसर में कोहराम मचा हुआ है। नवजातों के माता-पिता भी अपने नवजातों को बचाने की गुहार लगा रहे हैं।

सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को झांसी के लिए रवाना कर दिया है। उनके साछ प्रमुख स्वास्थ्य सचिव भी झांसी आ रहे हैं। सीएम योगी ने घटना की जांच रिपोर्ट 12 घंटे में देने को कहा है। कमिश्नर और डीआईजी हादसे की जांच कर रहे हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात करीब पौने ग्यारह बजे एसएनसीयू वार्ड से धुआं निकलता दिखा। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जब तक कुछ समझ पाते, आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। वहां भगदड़ मच गई।

नवजातों को बाहर निकालने की कोशिश हुई लेकिन, धुआं एवं दरवाज पर आग की लपट होने से नवजात समय पर बाहर नहीं निकाले जा सके। कुछ देर बाद दमकल की गाड़ियों के पहुंचने पर नवजातों को बाहर निकाला जा सका। खबर लिखे जाने तक वार्ड से 10 नवजात शिशुओं के शव बाहर निकाले जा चुके। मौके पर रोते-बिलखते परिजनों का जमावड़ा हुआ है। खबर लिखे जाने तक बचाव कार्य चल रहा था।

मौके पर जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए हैं। सेना का दमकल वाहन मौके पर पहुंच चुका है। मेडिकल कॉलेज की बिजली काट दी गई है। अब तक करीब 30 से अधिक बच्चों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

## ईडी ने विधायक अमानतुल्लाह की जमानत फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान की जमानत को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करते हुए कहा कि निचली अदालत ने बिना पूरी जांच के ही जमानत दे दी है, जो न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकता है।

अमानतुल्लाह पर आरोप है कि उन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है, और यह मामला दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती घोटाले से जुड़ा हुआ है। ईडी का आरोप है कि खान ने भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के माध्यम से करोड़ों रुपये की संपत्ति जुटाई है। एजेंसी का कहना है कि जमानत मिलने से मामले की निष्पक्ष जांच में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई जल्द ही होगी, जो इस विवादित जमानत पर अंतिम निर्णय लेगी।

## भाजपा सांसद की दावत में बकरे की बोटी को लेकर हंगामा

-व्यवस्था थी 200 की और पहुंच गए हजार

मिर्जापुर,(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद बिंद के कार्यालय पर आयोजित मीट पार्टी में बकरे की बोटी की कमी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मारपीट भी हुई और लोग घायल भी हुए, जिसे लेकर अब राजनीतिक हल्कों में इसकी चर्चा आम हो गई है।

जानकारी अनुसार मझवां के पूर्व विधायक और भदोही के मौजूदा सांसद विनोद बिंद ने अपने कार्यालय पर एक पार्टी का आयोजन किया था। इस पार्टी में महज 200 लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया था, लेकिन करीब एक हजार लोग वहां पहुंच गए। इसके चलते बकरे की बोटी की कमी हो गई। इस पर आयोजकों ने ग्रेवी (मीट रस) परोसनी शुरू कर दी, जो कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और इस पर हंगामा मच गया।

बताया जाता है कि हंगामे की शुरुआत एक युवक ने की, जिसे बोटी की जगह ग्रेवी दी गई थी। इस पर जब उसने आपत्ति जताई, तो भोजन परोस रहे युवक ने उसे तमीज से बात करने को कहा। गुस्साए युवक ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान मौके पर रखे बर्तन और बाल्टियों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के सिर फटने और हाथ पर गहरी चोट लगने की खबर है। इस दौरान, भोजन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई।

घटना को लेकर सांसद विनोद बिंद के प्रतिनिधि उमा बिंद ने कहा कि यह सब विपक्ष की साजिश का हिस्सा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिन्हें न्यौता नहीं दिया गया था, शराब पीकर कार्यक्रम में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। बहरहाल पार्टी में बोटी प्रकरण की चर्चा अब राजनीतिक गलियारे से सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है।

## ...भले ही शारीरिक संबंध नाबालिग पत्नी की सहमति से बनाया, वह बलात्कार है, सजा बरकरार

बॉम्बे हाई कोर्ट का बड़ा फैसला,

मुंबई, (ईएमएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने माना है कि नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से बनाया गया यौन संबंध बलात्कार है और इस तरह के कृत्य को कानूनी संरक्षण अधिनियम के तहत स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने पति को सुनाई गई 10 साल की सजा को बरकरार रखा है। दरअसल पत्नी द्वारा अपने पति के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने के बाद उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि यौन संबंध के लिए सहमति की उम्र 18 वर्ष से अधिक है, न्यायमूर्ति जी.ए.सानप की बेंच ने कहा, 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करना रेप है। फिर यह महत्वपूर्ण नहीं है कि वह शादीशुदा है या नहीं। हाई कोर्ट ने कहा, जब पत्नी या बेटी की उम्र 18 साल से कम हो तो सहमति से बनाए गए संबंध का बचाव नहीं किया जा सकता। निचली अदालत ने आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे नागपुर पीठ ने बरकरार रखा था। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। बाद में उसने उससे शादी कर ली। हालाँकि, उनके वैवाहिक रिश्ते में खटास आ गई और महिला ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उच्च न्यायालय ने कहा, तर्क के तौर पर अगर मान भी लिया जाए कि उन्होंने तथाकथित विवाह किया था, तो पीड़िता के आरोप के अनुसार, यौन संबंध उसकी सहमति के खिलाफ था और इसलिए इसे बलात्कार माना जाएगा। जब पीड़िता महाराष्ट्र के वर्धा में रह रही थी तो आरोपी उसका पड़ोसी था। युवती वहां अपने पिता, बहन और दादी के साथ रहती थी। आरोपी और पीड़िता 3 से 4 साल से रिलेशनशिप में थे। लेकिन युवती इस दौरान शारीरिक संबंध बनाने की मांग को ठुकरा रही थी। इस बीच परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पीड़िता पड़ोस के शहर में काम करने चली गयी। आरोपी ने वहां भी उसका पीछा किया। इस दरम्यान वह उसे काम पर छोड़ने की पेशकश करता था। इस दौरान उसने उस पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला, जिससे वह गर्भवती हो गई। शुरुआत में आरोपी ने पीड़िता से शादी करने का वादा किया। आरोपों के मुताबिक, शादी समारोह कुछ पड़ोसियों की मौजूदगी में किराए के कमरे में आयोजित किया गया था। लेकिन बाद में उसका व्यवहार बदल गया और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इनमें शारीरिक हमले और गर्भपात कराने का दबाव शामिल था। बाद में उन्होंने पितृत्व से इनकार कर दिया और पीड़िता पर किसी अन्य पुरुष के साथ बच्चा पैदा करने का आरोप लगाया। प्रताड़ना असहनीय होने पर पीड़िता ने मई 2019 में पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपने बचाव में, आरोपी ने दावा किया कि सेक्स सहमति से हुआ था और वह उसकी पत्नी थी। हालाँकि, न्यायमूर्ति सानप ने कहा, मेरे विचार में, दोषसिद्धि के लिए एक से अधिक आधार हैं। अभियोजन पक्ष ने साबित किया है कि जब अपराध किया गया था तब पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम थी। पीठ ने यह भी कहा कि डीएनए रिपोर्ट से साबित हुआ कि आरोपी और पीड़िता ही बच्चे के माता-पिता हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी पीओके नहीं जाएगी , आईसीसी की फटकार के बाद पीसीबी ने बदला ट्रॉफी टूर

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी को अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नहीं ले जाया जाएगा। इससे पहले पीसीबी ने कहा था कि इसे स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद में तीन शहरों को में भी ले जाया जाएगा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की फटकार के बाद उसने अपना इरादा बदल दिया है। आईसीसी ने कहा था कि वह वह विवादित क्षेत्रों को टूर में शामिल नहीं करे। आईसीसी ने स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद में चैंपियंस ट्रॉफी को नहीं ले जाने कहा था। ये क्षेत्र पाकिस्तान के पीओके में आते हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी को दुबई से इस्लामाबाद भेज दिया है। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस ट्रॉफी के टूर के लिए तैयार है।

पीसीबी ने सोशल मीडिया में पहले कहा था, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद में शुरू होगा। जिसमें स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे दर्शनीय पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया जाएगा। 16-24 नवंबर तक ओवल में सरफराज अहमद द्वारा 2017 में उठाई गई ट्रॉफी की एक झलक देखने को मिलेगी। वहीं अब आईसीसी ने पीसीबी को पीओके के हिस्से वाले क्षेत्रों में ट्रॉफी टूर आयोजित करने से मना कर दिया है, क्योंकि बीसीसीआई ने इसपर आपत्ति जतायी थी। बीसीसीआई ने पहले ही पाक का दौरा करने से मना कर दिया है। उसने आईसीसी को भी यह बात बता दी है। वहीं पीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर भारत के पाकिस्तान न जाने के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## भारत विज्ञान में पिछड़ा क्योंकि 1000 साल तक हमलावरों का राज रहा - नारायणमूर्ति

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति का कहना है कि भारत यदि विज्ञान पिछड़ गया तो इसकी वजह यह रही कि 1000 साल तक हमलावरों का राज रहा। उन्होंने कहा कि 1000 साल की अवधि में भारत में माहौल ऐसा रहा कि युवाओं की उस दिशा में सोच ही विकसित नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि 1000 ईसवी से 1947 तक का काल ऐसा था, जिसमें साइंस को लेकर सोच विकसित नहीं हो सकी। इस दौरान साइंस को लेकर विचार नहीं पनपा और विश्लेषणात्मक सोच का अभाव रहा। यही कारण रहा कि इस अवधि में भारत में नवाचार, आविष्कार या शोध नहीं दिखते।

नारायणमूर्ति ने 2024 इन्फोसिस साइंस प्राइजेज सेरेमनी के दौरान दिए वर्चुअल भाषण में ये बातें कहीं। इजरायल के पूर्व नेता शिमोन पेरेज के भाषण का भी उन्होंने जिक्र किया। पेरेज ने कहा था, इज़राइल में हमने अपनी सबसे बड़ी धरोहर को पहचाना है और वह हमारा दिमाग। हमने रचनात्मकता, नवाचार और नए आविष्कारों के माध्यम से बंजर रेगिस्तानों को फलते-फूलते खेतों में बदल दिया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी को नई ऊंचाइयां दीं और दुनिया का नेतृत्व किया। मूर्ति ने कहा किसी भी देश के विकास के लिए ऐसे विचार क्रांतिकारी हैं।

इसके आगे वह कहते हैं कि इतिहास बताता है कि एक दौर में भारत गणित, विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, इंजीनियरिंग, मेडिसिन और सर्जरी में अग्रणी था। वैदिक काल से तब तक ऐसी स्थिति थी, जब तक हमलावरों ने भारत पर आकर कब्जा नहीं किया। 700 से 1520 ई. तक उज्बेकिस्तान से अफगानिस्तान तक के हमलवारों ने अटैक किए और यहां सत्ता भी कायम की। इसके बाद अंग्रेज आ गए, जिन्होंने भारत को अपना उपनिवेश ही बना लिया था। उन्होंने कहा कि जो हमलावर आए थे, उनका साइंस, मैथ से कोई लेना-देना नहीं था। हालांकि उनकी तुलना में अंग्रेजों ने भारतीयों को महत्वाकांक्षी कामों के लिए कुछ हद तक प्रोत्साहित भी किया।

वह कहते हैं कि हमारी प्रोग्रेस धीमी रही है। इसका कारण था कि हमारी युवा पीढ़ी पर बीते दौर की छाप थी। जिज्ञासु दिमागों की कमी हो गई। विश्लेषणात्मक सोच एवं नवाचार का विचार पहले जैसा नहीं रहा। समस्या को समझना और उसका हल निकालना, यह विचार कम दिखा। वह कहते हैं कि स्वतंत्रता के बाद भारत में विज्ञान की दोबारा शुरुआत हुई और इतने कम अरसे में ही हमने दिखाया है कि साइंस के माध्यम से क्या-क्या बदला जा सकता है। इसे अभी और विस्तार देने की जरूरत है।

## एचएनएलसी संगठन गैरकानूनी घोषित, केंद्र सरकार ने लगाया पांच साल का बैन

-संगठन अलगाव फैलाने व लोगों से जबरन करता है वसूली

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मेघालय में सक्रिय हाइनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल (एचएनएलसी) संगठन को गैरकानूनी घोषित किया है। इस संगठन पर पांच सालों तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक एचएनएलसी को देश के खिलाफ गतिविधियों में संलिप्त होने के चलते बैन किया है। यह कार्रवाई विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत की है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक एचएनएलसी संगठन मेघालय राज्य के उन इलाकों में सक्रिय रहा है, जहां खासी और जयंतिया जनजाति के लोग रहते हैं। इस संगठन ने भारत से अलगाव की कोशिश की और अपनी गतिविधियों को फैलाने के लिए स्थानीय लोगों से जबरन वसूली की। इसके साथ ही यह संगठन पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही समूहों के साथ संबंध था।

मंत्रालय ने बताया कि 16 नवंबर 2019 से 30 जून 2024 के बीच, एचएनएलसी संगठन मेघालय में विस्फोटक सामग्री रखने, विस्फोटक घटनाओं और हिंसा में शामिल रहा है। संगठन के 73 सदस्य गिरफ्तार हुए और तीन ने आत्मसमर्पण किया था।

केंद्र सरकार का मानना है कि इस संगठन की गतिविधियों को रोकना जरूरी है, क्योंकि यह भारतीय एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं रखा गया, तो यह संगठन फिर से संगठित होकर हथियारबंद होकर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को तेज कर सकता है, जिससे नागरिकों और सुरक्षाबलों की जान और संपत्ति का खतरा पैदा हो जाएगा। इसलिए, केंद्र सरकार ने इसे गैरकानूनी घोषित करते हुए इस पर प्रतिबंधित लगाने का फैसला लिया है।

## बिहार के बक्सर से धर्म परिवर्तन कराने का मामला, हिन्दू संगठन भड़के

बक्सर (ईएमएस)। बिहार के बक्सर में ईसाई समुदाय के लोग ग्रामीण इलाकों में धर्म प्रचार के लिए अभियान चला रहे हैं। इस सिलसिले में गंगा नदी में लोगों को नहलाकर धर्म परिवर्तन कराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। हिंदू संगठनों ने इस वीडियो पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और हंगामा किया है। हालांकि, इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है।

हिंदू धर्म के लोगों से धर्म परिवर्तन कराने की खबर से हड़कंप मच गया है। यह मामला बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड के एक दूरदराज के ग्रामीण इलाके का है, जहां मेथोडिस्ट चर्च ऑफ इंडिया के लोग बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। आरोप है कि ये लोग ग्रामीणों को गंगा नदी में नहलाकर महिलाओं के सिंदूर धो रहे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि लोग गंगा में डुबकी लगा रहे हैं और एक व्यक्ति उन्हें प्रभु यीशु का माला पहना रहा है। हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि लोगों को गंगा नदी में नहलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया और पुलिस को सूचित किया। साथ ही, इस मामले में थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है। हिन्दू संगठनों के अनुसार, सिमरी प्रखंड के नागपुर गंगा घाट पर 60-70 लोगों को एक साथ नहलाया गया और महिलाओं के सिंदूर को उनके माथे से धोकर उन्हें प्रभु यीशु का लॉकेट पहनाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामला प्रशासन तक पहुंचने के बाद जांच शुरू कर दी गई है।

## बाबा ने बताया पतंजलि आयुर्वेद का असली मालिक कौन.............ना मैं ना ही आचार्य बालकृष्ण

देहरादून (ईएमएस)। योग गुरु बाबा रामदेव ने पतंजलि आयुर्वेद के स्वामित्व को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ किया कि पतंजलि के स्वामित्व का कोई निजी मालिक नहीं है, न ही वह स्वयं, न ही आचार्य बालकृष्ण, बल्कि यह पूरा साम्राज्य देश की जनता का है और इसका वास्तविक लाभार्थी भी इस देश की जनता हैं।

रामदेव ने कहा कि पतंजलि का जो साम्राज्य अब लाखों करोड़ रुपए का हो चुका है, उसके स्वामित्व को लेकर कुछ लोगों की गिददी की नजरें हैं। उन्होंने बताया कि पतंजलि के विभिन्न संस्थानों जैसे निरामयम, योग ग्राम, पतंजलि योगपीठ, पतंजलि गुरुकुल, पतंजलि वेलनेस, और विश्वविद्यालय सहित सैकड़ों सेवा संस्थान बनाए हैं। इन संस्थानों और अभियानों के माध्यम से उन्होंने योग को ऊंचाई पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की संपत्ति का मूल्यांकन अब एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक है।

बाबा ने बताया कि देशभर में पतंजलि के एक लाख से अधिक योग शिक्षक भाई-बहन योग का प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा, 25 लाख से ज्यादा वरिष्ठ योग शिक्षक सेवा दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पतंजलि की यह सफलता और इसके साम्राज्य का विस्तार कोई आसान काम नहीं था, बल्कि इसमें बहुत मेहनत और पुरुषार्थ लगा है।

पतंजलि का असली मालिक देश की जनता

रामदेव ने कहा कि पतंजलि के साम्राज्य का वास्तविक मालिक कोई व्यक्ति नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से देश की जनता का है। उन्होंने कहा, स्वामी रामदेव इसका मालिक नहीं है, आचार्य बालकृष्ण इसका मालिक नहीं है, इसका मालिक है पूरा देश और देश के लोग। बाबा रामदेव ने यह स्पष्ट किया कि पतंजलि की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा और भलाई है, और इस यात्रा को भविष्य में भी इसी दिशा में बढ़ते रहना चाहिए।

## हाईकोर्ट का अहम फैसला, भंगी, नीच, भिखारी, मंगनी...ये जातिसूचक शब्द नहीं

-आरोपियों के खिलाफ एससी व एसटी अधिनियम के तहत लगे आरोपों को हटाया

जयपुर,(ईएमएस)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ एससी व एसटी अधिनियम के तहत लगाए गए आरोपों को हटा दिया है। जोधपुर बेंच ने कहा कि भंगी, नीच, भिखारी, और मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं और इन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए आरोपियों ने किसी की जाति को लक्षित नहीं किया था।

कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि कोई भी सबूत नहीं था जो यह साबित करता हो कि आरोपियों को अपनी टिप्पणियों में उनके खिलाफ बयान देने वाले लोक सेवकों की जाति के बारे में जानकारी थी। यह मामला तब सामने आया जब अतिक्रमण हटाने गई टीम के खिलाफ कुछ युवकों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन का माप गलत किया गया है और इस पर गालियां दी गईं। इन गालियों में आरोपियों ने 'भंगी' और 'नीच' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, आरोपियों ने कोर्ट में तर्क दिया कि उनका उद्देश्य इन शब्दों से उनको अपमानित करना नहीं था, बल्कि यह शब्द जमीन के गलत माप के खिलाफ नाराजगी के तौर पर इस्तेमाल किए गए थे।

जांच में पुलिस ने पाया कि आरोप सही नहीं थे और न ही कोई स्वतंत्र गवाह था जो आरोपों का समर्थन कर सके। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा कि आरोपियों का इरादा लोक सेवकों को अपमानित करना नहीं था, बल्कि उनकी प्रतिक्रिया गलत माप की प्रक्रिया के खिलाफ थी। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि एससी-एसटी एक्ट के तहत आरोपियों पर लगाए गए आरोपों को हटाने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट के रमेश चंद्र वैश्य बनाम यूपी राज्य मामले का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में भी आरोपियों और आरोपित लोक सेवकों के अलावा कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था और पुलिस ने जांच के बाद आरोपों को सही नहीं पाया। कोर्ट ने कहा कि इसलिए एससी-एसटी अधिनियम की धारा के तहत अपराध नहीं बनता और आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया।

हाईकोर्ट का यह फैसला विशेष रूप से काफी अहम है क्योंकि यह इस बात को साफ करता है कि यदि किसी व्यक्ति का इरादा जातिसूचक टिप्पणी करने का नहीं था और यदि आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है, तो ऐसे मामलों में एससी-एसटी एक्ट के तहत आरोपियों को दोषी नहीं माना जा सकता है।

## डिजिटल डेटा सुरक्षा कानून को दिया अंतिम रुप

-विधानसभा चुनावों के परिणाम के बाद नियमों को मिल सकती है मंजूरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा (डीपीडीपी) कानून के नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचनाके अंत तक प्रकाशित किया जा सकता है, हालांकि उन्हें औपचारिक रूप से 2025 में अधिसूचित किया जा सकता है, क्योंकि इसके बाद परामर्श प्रक्रिया शुरू होगी। इस कानून का प्रौद्योगिकी मंत्रालय लंबे समय से तैयारी कर रहे डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा (डीपीडीपी) कानून के नियमों को अब अंतिम रूप दे दिया है।

सूत्रों के मुताबिक इन नियमों का मुख्य उद्देश्य डिजिटल पर्सनल डेटा के प्रसंस्करण को विनियमित करना है और यह संसद द्वारा अगस्त 2023 में पारित किया गया था, लेकिन इसके नियमों के तैयार होने में देरी होने से अभी तक लागू नहीं हो पाया है।

अधिकारियों का कहना है कि डीपीडीपी नियमों के मसौदे में 6 महीने से ज्यादा समय तक फेरबदल किया गया और अब ये पूरी तरह से तैयार हैं।

सूत्रों के मुताबिक विधान सभा चुनावों के परिणाम आने के बाद इन नियमों को मंजूरी मिलने की संभावना है। हालांकि अधिकारी ने साफ कर दिया कि इन नियमों में कोई बदलाव नहीं होंगे और यह पूरी तरह स्पष्ट होंगे। डीपीडीपी कानून का मुख्य उद्देश्य पर्सनल डेटा के बेजा उपयोग और उल्लंघन को रोकने के लिए एक प्रभावी और मजबूत डेटा सुरक्षा तंत्र तैयार करना है। इस कानून के तहत, पर्सनल डेटा केवल वैध उद्देश्यों के लिए ही संसाधित किया जा सकता है और इसके लिए संबंधित व्यक्ति से उसकी सहमति प्राप्त करना जरुरी होगा। इसके साथ ही डेटा संग्रह की सीमा भी तय की जाएगी, यानी केवल डेटा ही एकत्रित किया जाएगा।

## गलतबयानी या झूठे दावों की हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती

-सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाने की याचिका खारिज की

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ भाषण देने पर रोकने लगाने के लिए गाइडलाइंस जारी करने की गुहार वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि गलतबयानी या झूठे दावों को हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि दोनों में फर्क है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह यह समझें कि हेट स्पीच क्या होती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिका में हेट स्पीच को गलत तरीके से पेश किया गया है। अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह इसे कानून के मुताबिक उठाए।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण और गलतबयानी के बीच अंतर है। पीठ ने याचिकाकर्ता हिंदू सेना समिति के वकील से यह भी कहा कि शीर्ष अदालत इस मामले में कोई नोटिस जारी करने को इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर विचार नहीं करना चाहती, जो कथित बयानों से संबंधित है। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है, तो वह इसे संबंधित कानूनी प्रक्रिया के तहत उठाकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## फर्जी इनवॉइस से कर चोरी का बड़ा खुलासा, महाराष्ट्र-गुजरात में छापे

नई दिल्ली,(ईएमएस)। महाराष्ट्र और गुजरात में हाल ही में इनकम टैक्स की छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें फर्जी बिलों के जरिए कर चोरी के बड़े मामले सामने आऐ हैं। इनकम टैक्स विभाग ने मुंबई, अहमदाबाद और अन्य जगहों पर करीब 23 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई से 14 नकली कंपनियों का पर्दाफाश हुआ है। ये कंपनियां बिना असल कारोबार के केवल कागजों पर लेन-देन कर रहीं थीं। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी लेन-देन किया, जिससे सरकार को कर की भारी हानि हुई है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया ब्लॉक के पार्टनर्स के बीच गजब खेल

आप और कांग्रेस में नेता-छीनो होड़!

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव महज दो महीने बाद हैं, लेकिन इससे पहले दो सहयोगियों के बीच एक अनूठी लड़ाई चल रही है। इंडिया ब्लॉक के दो घटक दलों- आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच एक दूसरे के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करवाने की अनूठी प्रतियोगिता चल रही है। दोनों पार्टियां यूं तो बीजेपी के खिलाफ लडऩे का दम भर रही हैं, लेकिन इस बीच कोशिश भरसक यही चल रही है कि कैसे एक दूसरे को कमज़ोर किया जाए। मजबूत नेताओं को पार्टी में शामिल करवाना यूं तो राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जाता है, लेकिन जो कुछ दिल्ली में चल रहा है उससे सवाल ये पैदा हो गया है कि क्या ये पार्टियां वाकई एक-दूसरे को कमज़ोर कर बीजेपी से लड़ाई की तैयारी कर रही हैं?

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी दफ्तर में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान को अपनी पार्टी में शामिल करवाया। दरअसल, वीर सिंह धींगान सीमापुरी से विधायक रह चुके हैं। सीमापुरी सुरक्षित सीट है और इसलिए आप ने दावा किया कि एक बड़े दलित नेता के कांग्रेस से आम आदमी पार्टी में आने पर पार्टी को फायदा होगा। गौरतलब है कि ये वही सीमापुरी है, जहां से अरविंद केजरीवाल ने झुग्गी बस्तियों में अपने एनजीओ के दिनों में संघर्ष की शुरुआत की। तब के समय शीला दीक्षित मुख्यमंत्री हुआ करती थीं और केजरीवाल ने राशन में करप्शन की बात वहीं से उठाई। लेकिन इधर आम आदमी पार्टी कांग्रेस के नेता को तोड़ रही थी तो वहीं कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी के एक पूर्व विधायक को अपने पाले में लाकर हिसाब बराबर कर लिया। हाजी इशराक आम आदमी पार्टी के टिकट पर 2015 में उत्तर पूर्वी दिल्ली के ही सीलमपुर से चुनाव जीते थे। ऐसे में दलित नेता का हिसाब एक अल्पसंख्यक नेता को अपने पाले में लाकर कांग्रेस ने उसी दिन पूरा किया।

खेल की पृष्ठभूमि पहले ही लिखी जा चुकी थी

सीमापुरी और सीलमपुर का खेल पहले ही दोनों पार्टियों की तरफ से शुरू हो चुका था। आम आदमी पार्टी के पूर्व मंत्री और सीमापुरी से मौजूदा विधायक राजेंद्रपाल गौतम ने पिछले दिनों केजरीवाल का साथ छोड़ कांग्रेस का दामन थामा था। अब ये तो तय था कि सीमापुरी से चुनाव में कांग्रेस गौतम पर ही दांव खेलती तो वीर सिंह धींगान के पास बहुत ऑप्शन बचे ही नहीं थे। कुछ यही हाल हाजी इशराक का भी था। सीलमपुर से कांग्रेस के पांच बार के विधायक मतीन अहमद जो पिछली दो बार से चुनाव हार रहे हैं ने झाड़ू थाम ली। उनके साथ उनकी पार्षद बहू और बेटे ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया। हाजी इशराक जिन्होंने 2015 में मतीन अहमद को हराया था को लगा कि यही मौका है कि वो कांग्रेस के पाले में चले जाएं और अपनी टिकट पक्की कर लें।

# अमेरिकी खर्च कटौती का सुझाव बाजार के लिए बुरा

- ट्रंप 2.0 सरकार में मस्क की 2 लाख करोड़ डॉलर तक की खर्च कटौती से डॉलर मजबूत होगा

वा?शिंगटन (ईएमएस)। जेफरीज में इक्विटी रणनीति के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा कि डॉनल्ड ट्रंप 2.0 सरकार में एलन मस्क की 2 लाख करोड़ डॉलर तक की खर्च कटौती की योजना से अमेरिकी डॉलर मजबूत होगा लेकिन यह शेयर बाजारों के लिए नकारात्मक होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शेयरों, खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट अच्छी है और उन्होंने इसे बड़ी तेजी के बाद 'स्वाभाविक गिरावट' करार दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकी सरकार ने वित्त वर्ष 2024 में (अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024) 6.75 लाख करोड़ डॉलर खर्च किए थे। प्रतिशत में बात की जाए तो 2 लाख करोड़ डॉलर की कटौती से अमेरिका सरकार का सालाना खर्च 32 प्रतिशत घट जाएगा। टेस्ला के मुख्य कार्याधिकारी मस्क को नए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिसिएंशी का सह-प्रमुख नियुक्त किया है। वुड ने कहा ?कि जब तक मस्क अमेरिकी प्रशासन में बदलाव नहीं लाते और 2 लाख करोड़ डॉलर की कटौती करने में सक्षम नहीं हो जाते, तब तक ट्रेजरी बॉन्ड बाजार में बिकवाली बनी रहेगी। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मंदी-महंगाई का झटका लगेगा और निवेशक दूसरी जगहों का रुख कर सकते हैं। अगर ट्रंप वाकई ऐसी नीति के हिमायती हैं तो इसका मतलब होगा कि अधिकारों में कटौती करना। उनका अनुमान है कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती केवल अल्पावधि में ही रहेगी – जनवरी 2025 में डॉनल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण तक। वुड का मानना है कि हालांकि शेयर बाजार के नजरिये से बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल से ज्यादा खतरा पैदा हुआ है, जिसे बाजार लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं कर पाएगा।सितंबर 2024 के मध्य के 3.6 प्रतिशत के स्तर से अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल अब बढ़कर 4.46 प्रतिशत हो गया है जो इस अवधि के दौरान लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि है। वुड के अनुसार इक्विटी के लिए जोखिम यह है कि एक समय ऐसा होगा जब शेयर बाजार बढ़ते बांड प्रतिफल को नजरअंदाज नहीं कर पाएगा। वुड ने निवेशकों को भेजे अपने साप्ताहिक नोट ग्रीड ऐंड फियर में लिखा है, इक्विटी के लिए अन्य नकारात्मक बात यह है कि तरलता की स्थिति ऐसे समय लड़खड़ानी शुरू हुई है जब मूल्यांकन अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर हैं। वुड ने कहा कि भारत की बात करें तो देश का रिजर्व बैंक वैश्विक घटनाक्रम के बावजूद ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दबाजी में नहीं दिख रहा है।

# माओरी संस्कृति की पहचान के लिए न्यूजीलैंड की युवा सांसद का प्रदर्शन बना चर्चा का कारण

वेलिंग्टन (ईएमएस)। न्यूजीलैंड की 22 वर्षीय सबसे युवा सांसद हाना-राविती माईपी-क्लार्क फिर अपने पारंपरिक हाका वॉर डांस के कारण चर्चा में हैं। संसद में ब्रिटिश क्राउन और माओरी लोगों के बीच 1840 की ऐतिहासिक वेतांगी संधि की व्याख्या में बदलाव की मांग वाले एक विधेयक के विरोध में उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। संसद में हाना ने गुस्से में विधेयक के कागज फाड़कर पारंपरिक हाका नृत्य के जरिए विरोध जताया। इस शक्तिशाली प्रदर्शन में उनके पार्टी के सदस्यों के साथ-साथ सार्वजनिक गैलरी में बैठे दर्शक भी शामिल हो गए। हाना के गुस्से और हाका के दौरान पूरा सदन गूंज उठा, और इस प्रदर्शन के चलते विधेयक पर मतदान को स्थगित करना पड़ा।

दरअसल हाना माओरी संस्कृति की प्रबल समर्थक हैं। जनवरी में अपने शपथ ग्रहण के दौरान भी उन्होंने हाका नृत्य कर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था। हाना, ब्रॉडकास्टर पोटाका माईपी की बेटी हैं। उनके दादा तैतिमु माईपी ने 2020 में विवादित कैप्टन हैमिल्टन की प्रतिमा को हटाने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं 2023 के आम चुनावों में जीतने के बाद वह न्यूजीलैंड की सबसे युवा सांसद बनीं।

क्या है वेतांगी संधि और विवाद

दरअसल 1840 की वेतांगी संधि ब्रिटिश क्राउन और माओरी नेताओं के बीच हुई ऐतिहासिक संधि है, जो जमीन, अधिकारों और स्वायत्तता से जुड़ी है। इसे लेकर सदियों से व्याख्या और लागू करने के तरीकों पर विवाद चलता रहा है। वहीं युवा सांसद हाना का यह विरोध केवल विधेयक तक सीमित नहीं था, बल्कि यह माओरी संस्कृति की पहचान और स्वाभिमान का प्रदर्शन भी था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद दुनियाभर में इस कदम की चर्चा हो रही है।

# राष्ट्रपति दिसानायके की पार्टी एनपीपी की शानदार बढ़त

-श्रीलंका में नई राजनीति का आगाज़

कोलंबो,(ईएमएस)। श्रीलंका में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव के शुरुआती नतीजों ने देश में नई राजनीतिक दिशा की उम्मीदें जगा दी हैं। राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की पार्टी, नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी), भारी जीत की ओर बढ़ रही है। प्रारंभिक नतीजों के अनुसार, एनपीपी को 70 प्रतिशत से अधिक वोट मिले हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट (एनडीएफ) क्रमशः 11 और 5 प्रतिशत वोटों पर सिमट गई हैं।

गैले, पोलोनारुवा और मटारा जैसे महत्वपूर्ण जिलों में एनपीपी ने बड़ी बढ़त बनाई है। गैले में एनपीपी को 70 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए हैं, जबकि पोलोनारुवा और मटारा में भी उन्होंने अधिकांश सीटें जीतकर अपनी पकड़ मजबूत की है। देशभर में 225 संसदीय सीटों के लिए हुए इस चुनाव में करीब 1.7 करोड़ मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें 65फीसदी मतदान दर रही।

एनपीपी की इस अभूतपूर्व सफलता को आर्थिक तंगी से जूझ रहे श्रीलंका के लिए एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति दिसानायके ने भ्रष्टाचार उन्मूलन और गरीबी समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाने का संकल्प जताया है, जिससे श्रीलंका की जनता में उनके प्रति भरोसा और बढ़ा है। पहले संसद में केवल तीन सीटों पर कब्जा रखने वाली एनपीपी अब संसद में बड़ी ताकत बनने जा रही है।

श्रीलंका में लंबे समय से चली आ रही परिवारवादी राजनीति के चलते दिसानायके के नेतृत्व को एक नयी सोच के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। एनपीपी की बढ़त से यह साफ है कि श्रीलंकाई जनता अब नई सोच और स्वच्छ राजनीति का समर्थन कर रही है। अब यह देखना होगा कि राष्ट्रपति दिसानायके की सरकार इस जनादेश के साथ किस तरह से अपने वादों को पूरा करती है और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने में कितनी सफल होती है।

# ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए कैबिनेट नियुक्तियों का किया ऐलान

वाशिंगटन,(ईएमएस)। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अपने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां करने का ऐलान कर दिया है। इन नियुक्तियों में कुछ भारतीय मूल के लोगों को भी जगह दी गई है। ट्रंप का यह कार्यकाल पहले की तुलना में काफी अलग हो सकता है और उनके द्वारा चुने गए कैबिनेट सदस्य इसका संकेत दे रहे हैं।

ट्रंप ने फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को राज्य सचिव बनाया गया है। रुबियो चीन, क्यूबा और ईरान पर अपने कड़े रुख के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने ट्रंप के साथ अपनी मजबूत साझेदारी को जारी रखते हुए इस पद को स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा मैट गेट्ज को अटॉर्नी जनरल बनाया है, जो कानून के क्षेत्र में ट्रंप के वफादार रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने हवाई की पूर्व प्रतिनिधि तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। गबार्ड, जो पहले डेमोक्रेट पार्टी की सदस्य थीं, उन्होंने 2022 में पार्टी छोड़कर ट्रंप का समर्थन करने उतर गई थीं। इसके अलावा, रक्षा सचिव के रूप में पीट हेगसेथ को नियुक्त किया गया है, जो न्यूज एंकर रह चुके हैं और सेना के साथ अपने अनुभव के लिए जाने जाते हैं।

स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव के रूप में रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की नियुक्ति की है, जो वैक्सीनेशन के आलोचक रहे हैं और जिनका ट्रंप द्वारा समर्थन किया गया है। इसके अलावा ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगियों को व्हाइट हाउस में महत्वपूर्ण पदों पर रखा है, जिसमें सूसी विल्स को चीफ ऑफ स्टाफ और माइक वाल्ट्ज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों से यह साफ नजर आ रहा है कि ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अपने वफादारों को प्राथमिकता दी है और उनकी सरकार का उद्देश्य अमेरिका को दुनिया में और ज्यादा प्रभावशाली बनाना है।

# गुरु नानक जयंती पर 15 नवंबर को शेयर बाजार बंद

- शाम के सेशन में ट्रेडिंग 5:00 बजे से 11:55 बजे तक चालू रहेगी

मुंबई (ईएमएस)। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर गुरु नानक जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को बंद रहेंगे। आज डेरिवेटिव्स, इक्विटीज, करेंसी डेरिवेटिव्स और ब्याज दर डेरिवेटिव्स में ट्रेडिंग बंद रहेगी। कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में सुबह का सेशन 9:00 बजे से 5:00 बजे तक बंद रहेगा, जबकि शाम के सेशन में ट्रेडिंग 5:00 बजे से 11:55 बजे तक चालू रहेगी। एनएसई और बीएसई में ट्रेडिंग 18 नवंबर सोमवार से फिर शुरू होगी। बीएसई की वेबसाइट के मुताबिक नवंबर में एक छुट्टी 1 नवंबर को लक्ष्मी पूजा के अवसर पर थी। बाकी दो छुट्टियां 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती और 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए हैं। पहले नवंबर में सिर्फ दो ही स्टॉक मार्केट छुट्टियां थीं, लेकिन 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद बीएसई और एनएसई ने 20 नवंबर को स्टॉक मार्केट की छुट्टी घोषित कर दी। बीएसई के हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार, 2024 में कुल 16 दिन के लिए ट्रेडिंग की छुट्टियां घोषित की गई हैं। इस साल अब तक 13 अवसरों पर बाजार बंद रहे हैं। आखिरी बार बाजार 1 नवंबर, शुक्रवार को लक्ष्मी पूजन के लिए बंद हुआ था। वहीं दिसंबर में बाजार 25 दिसंबर बुधवार को क्रिसमस के अवसर पर बंद रहेगा। इसके अलावा बाजार शनिवार और रविवार को सामान्य रूप से कारोबार के लिए बंद रहेगा। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और बढ़ती महंगाई के चलते भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का सेंसेक्स 30 शेयरों वाला इंडेक्स 110.64 अंक गिरकर 77,580.31 पर बंद हुआ। हालांकि, शुरुआती कारोबार में यह 254.5 अंक की बढ़त के साथ 77,945.45 तक पहुंच गया था। वहीं एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 26.35 अंक की गिरावट के साथ 3,532.70 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी शुरुआती कारोबार में 86.25 अंक की बढ़त के साथ 23,645.30 का स्तर छू लिया था।

# निवेशकों को जागरूकता के लिए आयोजित हो रहा है आईआईटीएफ

- फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग करने वालों में से 9 में से 10 निवेशक उठा रहे हैं नुकसान

नई दिल्ली (ईएमएस)। शेयर बाजार में नुकसान से जूझ रहे निवेशकों के लिए एक नया उद्यम आईआईटीएफ द्वारा शुरू किया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समर्थित यह मंडप निवेशकों को वित्तीय बाजारों के बारे में शिक्षित करने का मिशन संभाल रहा है। इस आयोजन के दौरान सेबी बाजार अवसंरचना संस्थान और उद्योग संघ निवेशकों में जागरूकता फैलाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा वार्ता शो और गतिविधियां आयोजित करेंगे। नये नियमों के अनुसार एफएंडओ ट्रेडिंग करने वालों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। इस मंडप का पहला कार्यक्रम उद्घाटन के संदर्भ में भारत का शेयर बाजार नामक मंडप है। इसका उद्देश्य निवेशकों को शिक्षित करके उन्हें स्वतंत्र और सावधान निवेश के मार्ग पर ले जाना है। सेबी की रिपोर्ट के अनुसार फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग करने वालों में से 9 में से 10 निवेशक नुकसान उठा रहे हैं, इसलिए सही जानकारी और समझ से सहायता लेना महत्वपूर्ण है। आईआईटीएफ के माध्यम से तकनीकी, वित्तीय बाजारों की संभावनाओं और शिक्षित निवेश के उत्तम तरीकों पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# रुस के सुखोई-57 को मिला खरीददार.......लेकिन ग्राहक देश का नाम नहीं किया उजागर

मास्को (ईएमएस)। रूस ने अपने सुखोई-57 (एसूय-57) स्टेल्थ फाइटर जेट के लिए पहले अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर की पुष्टि की है, हालांकि खरीदार देश का नाम सामने नहीं आया है। यह घोषणा तब हुई जब एसयू-57 चीन के झुहाई एयर शो 2023 में अपने हैरतअंगेज हवाई करतबों से चर्चा में है।

एसयू-57 रूस का अत्याधुनिक स्टेल्थ फाइटर जेट है, जो दुश्मन के रडार से बचने और बहु-भूमिका मिशन को अंजाम देने में सक्षम है। यह विमान हाइपरसोनिक मिसाइलों सहित उन्नत हथियारों से लैस है, जो इस हवाई और जमीनी हमलों में घातक बनाता है। रूसी हथियार निर्यात कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के प्रमुख अलेक्जेंडर मिखीव ने सौदे की पुष्टि की, लेकिन ग्राहक देश का नाम नहीं बताया है। अटकलें हैं कि यह सौदा अफ्रीकी देश अल्जीरिया के साथ हुआ है। अल्जीरिया रूस का करीबी सैन्य सहयोगी है और एसयू-57 खरीदने की उसकी रुचि पहले भी रिपोर्ट की गई थी। वहीं भारत ने फिलहाल एसयू-57 को खरीदने में रुचि नहीं दिखाई है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपनी पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट की जरूरत पूरी करने के लिए इस विमान पर विचार करना चाहिए।

चीन और एसयू-57

एसयू-57 का चीन में प्रदर्शन यह संकेत देता है कि रूस अपने इस अत्याधुनिक लड़ाकू विमान को वैश्विक बाजार में बढ़ावा देने के लिए गंभीर है। हालांकि, चीन ने पहले से ही अपने घरेलू स्टेल्थ फाइटर जेट जे-20 का विकास किया है, इसलिए वह एसयू-57 का ग्राहक बनने की संभावना से बाहर है। भारत ने पहले रूस के साथ फिफ्थ जनरेशन फाइटर एयरक्राफ्ट (एफजीएफए) परियोजना में साझेदारी की थी, लेकिन 2018 में इस प्रोजेक्ट से पीछे हट गया। भारत को वर्तमान में अपनी वायुसेना के आधुनिकीकरण और लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी के विमान की आवश्यकता है। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि एसयू-57 भारत के लिए एक उपयुक्त विकल्प हो सकता है, विशेषकर एएमसीए प्रोजेक्ट के विकास में समय लगने के कारण।

रूस के लिए बड़ी सफलता

एसयू-57 के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय सौदा रूस के लिए एक बड़ी सफलता है, जो इसके हथियार निर्यात उद्योग को बढ़ावा देगा। ग्राहक की पहचान न बताकर रूस ने रहस्य बनाए रखा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय सैन्य विश्लेषकों और विशेषज्ञों के बीच अटकलें तेज हो गई हैं।

# पिनाका और चीन का पीएचएल-03 रॉकेट सिस्टम में कौन बेहतर..........रिपोर्ट में जानिए

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और चीन के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच दोनों देशों के रॉकेट लांचर सिस्टम ने ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय सेना का पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लांचर (एमबीआरएल) और चीन का पीएचएल-03 रॉकेट सिस्टम अपनी-अपनी क्षमताओं के दम पर क्षेत्रीय युद्धक्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

जहां पिनाका का एमके-1 संस्करण 37 किमी की रेंज देता है, जबकि श्व-सेंकड 60 किमी तक मार करता है। हाल ही में विकसित गाइडेड पिनाका की रेंज 75 किमी तक बढ़ गई है। भारत 120 किमी, 150 किमी और 200 किमी की रेंज वाले पिनाका विकसित कर रहा है। गाइडेड पिनाका अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जो इस सटीक निशाने के लिए सक्षम बनाता है। यह 44 सेकंड में 12 रॉकेट दाग सकता है। यह प्रणाली युद्धक्षेत्र में दुश्मन के ठिकानों, कमांड सेंटर, और सैनिकों पर तेजी से हमला करने में सक्षम है। भारत पिनाका सिस्टम को आर्मेनिया और अन्य मित्र देशों को निर्यात कर रहा है।

वहीं चीन का पीएचएल-03 का डिजाइन सोवियत बीएम-30 स्मर्च पर आधारित है। इसकी रेंज 130 किमी तक है और इसमें बीआरई 300 मिमी रॉकेट लगते हैं। प्रत्येक रॉकेट 800 किग्रा वजनी होता है। यह 280 किग्रा का वारहेड ले जा सकता है, और इसकी नई तकनीक 30 किमी अतिरिक्त रेंज प्रदान करती है। इसका उपयोग बड़े पैमाने पर सैनिकों, हवाई ठिकानों, और कमांड बैटरियों पर हमले के लिए किया जाता है।

दोनों ही लांचर में मुख्य तुलना

| | पिनाका (भारत) | पीएचएल-03 (चीन) |
|---|---|---|
| रेंज | 37 किमी (एमके-1), 75 किमी (गाइडेड) | 130 किमी (बीआरईरॉकेट) |
| रॉकेट की संख्या | 12 रॉकेट (44 सेकंड में) | 12 रॉकेट |
| मोबिलिटी | हल्के ट्रकों पर तैनात | ट्रक आधारित |
| सटीकता | उच्चा (गाइडेड तकनीक) | कम (गाइडेड नहीं) |

भविष्य में 120-200 किमी रेंज विकसित हो रहा एआर-3 में 200 किमी रेंज

रक्षा जानकारों के अनुसार गाइडेड पिनाका चीन के पीएचएल-03 की तुलना में अधिक सटीक और प्रभावी है। वहीं पिनाका का हल्का और तेज सिस्टम इस कई इलाकों में तैनाती के लिए बेहतर बनाता है। भविष्य के हिसाब से भारत 200 किमी रेंज वाले संस्करण पर काम कर रहा है, जो चीन के एआर-3 को टक्कर देगा। चीन का पीएचएल-03 रेंज और वजन के मामले में वर्तमान में मजबूत है, लेकिन भारत का पिनाका अपनी सटीकता, तकनीकी उन्नति और निर्यात क्षमता के साथ बेहतर भविष्य का संकेत देता है। ड्रैगन को टक्कर देने के लिए पिनाका का नया संस्करण रणनीतिक बढ़त दिला सकता है।

# 2 साल में ही कर सकेंगे ग्रेजुएशन

नई दिल्ली(ईएमएस)। अब आपको दो साल में ग्रेजुएशन डिग्री मिल सकती है। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ग्रेजुएशन प्रोग्राम को और आसान बनाने की तैयारी में है। यूजीसी चेयरमैन एम.जगदीश कुमार ने कहा कि कोई भी स्टूडेंट अपने सिलेबस का टाइम डयूरेशन घटा-बढ़ा सकेगा। ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम जो 3 से 4 साल का होता है, उसे स्टूडेंट्स घटाकर दो-ढाई साल का भी कर सकते हैं। इसके साथ ही कमजोर स्टूडेंट्स अपने ग्रेजुएशन प्रोग्राम का समय बढ़ाकर 5 साल तक कर सकते हैं।

# सोने के भाव में पिछले कुछ हफ्तों में 5000 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई

मुंबई (ईएमएस)। शेयर बाजार में हाल ही में देखी गई गिरावट के बाद सोने की कीमतों में भी लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार सोने के भाव में पिछले कुछ हफ्तों में 5000 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी दो-तीन महीनों में सोने के भाव में और भी गिरावट की संभावना है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भावों में हुई गिरावट के बाद, घरेलू मार्केट में भी यह दस्तक दे रहा है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोशिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 24 कैरेट फाइन गोल्ड की कीमत प्रति 10 ग्राम में 81,000 रुपए से ज्यादा थी, जो अब 75,000 रुपए पर आ गई है। गिरावट के बाद 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 5000 रुपए से अधिक कम हो गई है। मेकिंग चार्ज के बिना, इसका क्वालिटी के हिसाब से विवरण इस प्रकार हैः

- 24 कैरेटः 75,260 रुपए/10 ग्राम
- 22 कैरेटः 73,450 रुपए/10 ग्राम
- 20 कैरेटः 66,980 रुपए/10 ग्राम
- 18 कैरेटः 60,960 रुपए/10 ग्राम

सोने के भाव में गिरावट के बाद मार्केट में चार्ज के अलावा अन्य बदलावों की जांच करना जरूरी है। इस विषय पर विशेषज्ञों द्वारा और अधिक गहराई से अध्ययन किया जा रहा है। यहां तक कि किसी नये नीति या घटना के बाद और भी परिणाम आ सकते हैं।

# एक महीने में खाद्य तेल के दाम 8 फीसदी बढ़े

- सब्जियों की कीमतें में भी बढ़ोतरी हुई

मुंबई (ईएमएस)। तेल के दाम फिर से बढ़ गए हैं, जिससे लोगों की रोज़मर्रा की जिंदगी पर भारी पड़ा है। प्याज, टमाटर और लहसुन के बाद अब तेल की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। खाद्य तेल के दाम एक महीने में 8 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इसके अलावा सब्जियों की कीमतें में भी बढ़ोतरी हो गई हैं। खुदरा महंगाई अक्तूबर में लगातार उच्च स्तर पर रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मूंगफली तेल का दाम 14 अक्तूबर को 193.58 रुपये था, जो अब 195.59 रुपये हो गया है। सरसो तेल, वनस्पति तेल, सोया तेल, सूरजमुखी तेल, और पाम तेल की कीमतें सभी में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही चाय की कीमतें भी तीन फीसदी तक बढ़ गई हैं। सब्जियों की कीमतें भी बहुत महंगी हो गई हैं, जहां प्याज 70-80 रुपये, और आलू 30 रुपये किलो है। अनुमानित रूप से नवंबर में सब्जियों के दाम थोड़ी कम हो सकते हैं, लेकिन प्याज की कीमतें अभी भी ऊंची रहेंगी। इससे सब्जी के दाम नवंबर महीने में स्थिर हो सकते हैं, लेकिन उनका वार्षिक औसत अभी भी ऊंचा है। आलू, टमाटर, और प्याज में वृद्धि के बाद, अब तेल और चाय महंगा हो गया है। इस स्थिति में, लोग किफायती रूटीन की तलाश में हैं जिससे उनकी रोज़मर्रा की जिंदगी पर आसानी आए।

# हत्या कर लाश कर दी गायब, पत्नी का जींस-टॉप पहन लोगों को करता रहा कंफ्यूज

-दस साल बाद भी पुलिस ढूंढ रही महिला की लाश, आरोपी काट रहा जेल

यॉर्कशायर,(ईएमएस)। नॉर्थ यॉर्कशायर में दस साल पहले एक कत्ल हुआ था, जो अब भी एक रहस्य बना हुआ है।

यह घटना रानिया अलयेद की जिसे उसके पति अहमद अल-खतीब ने इसलिए उसकी हत्या कर दी थी कि वह पश्चिमी जीवनशैली अपना रही थी और आधुनिक तरीके से जीवन जीने लगी थी। खतीब को अपनी पत्नी का जींस-टॉप पहनना पसंद नहीं था। उसने एक खौफनाक कदम उठाते हुए अपनी पत्नी को मार डाला, लेकिन लाश को कहां छिपाया कि आज भी पुलिस उसकी पत्नी की लाश का पता नहीं लगा पाई है।

रानिया जो पहले अपने परिवार के साथ खुश थी, अपने पति के व्यवहार से परेशान होकर 2013 में अलग रहने लगी थी। इसके बाद उसने कॉलेज में दाखिला लिया और नए दोस्त बनाए जहां उसकी मुलाकात एक ऐसे इंसान से हुई और वह उसके साथ रहने लगी लेकिन खतीब इसे सहन नहीं कर पाया और जून 2013 में उसे मिलने के बहाने बुलाया और की हत्या कर दी।

खतीब ने अपनी पत्नी की लाश को सूटकेस में भरकर घर में छिपा दिया और ऐसा दिखाने की कोशिश की जैसे रानिया अभी जिंदा हो। उसने उसकी जींस, टॉप और शॉल पहनकर सीसीटीवी कैमरे के सामने से गुजरा ताकि लोग यह न समझें कि कुछ गलत हुआ है। बाद में उसने अपने भाइयों की मदद से लाश को मीलों दूर एक सुनसान जगह पर सड़क के किनारे दफना दिया। रानिया के दोस्तों को जब उसके फोन कॉल और संदेशों का जवाब नहीं मिला, तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की और जुलाई 2013 में खतीब को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद खतीब ने अपना गुनाह कुबूल लिया, लेकिन रानिया की लाश का पता आज तक नहीं चल सका है। खतीब ने कत्ल को जिन्न की गिरफ्त में होने के कारण बताया था, लेकिन पुलिस की जांच से यह मामला ऑनर किलिंग का निकला। खतीब को हत्या का दोषी मनाते हुए 20 साल की सजा सुनाई गई, जबकि उसके दो भाइयों को भी सजा मिली।

अब 10 साल बाद ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने नॉर्थ यॉर्कशायर के थिर्स्क में ए19 रोड के किनारे खुदाई शुरू की है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर उनका मानना है कि खतीब ने रानिया की लाश यहीं पर दफनाई होगी। यह एक ऐसा मामला है जो पुलिस के लिए अब भी पहेली बना हुआ है और अब यह देखना बाकी है कि क्या नया सुराग मिलने से रानिया की लाश का पता चल पाएगा या नहीं या फिर यह रानिया की लाश एक रहस्य बनकर रह जाएगी।

# बांग्लादेश में इस्कान पर प्रतिबंध की मांग, लेखिका तस्लीमा नसरीन ने युनूस सरकार को घेरा

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में शेख हसीना के शासन के बाद से सांप्रदायिक तनाव बढ़ा हुआ है, और कट्टरपंथी समूहों ने खासकर हिंदू अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाया है। इस संदर्भ में एक नया विवाद सामने आया है, जिसमें चटगांव स्थित इस्लामी संगठन हेफाजत-ए-इस्लाम ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस विवाद की शुरुआत 5 नवंबर को हुई, जब एक लोकल व्यापारी ने इस्कॉन को एक आतंकी संगठन करार दिया। इसके बाद चटगांव के हजारी गली इलाके में हिंदू समुदाय के लोगों में गुस्सा भड़क गया, और उन्होंने उस व्यापारी के घर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और बाद में 100 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

लेखिका तस्लीमा नसरीन ने घटना पर इस्कॉन के सदस्यों के सामने बढ़ते खतरों का जिक्र किया। उन्होंने लिखा, हेफाजत-ए-इस्लाम ने आतंकवाद का आह्वान किया है। वे इस्कॉन के सदस्यों को मारने की धमकी दे रहे हैं। क्या इस्कॉन को आतंकी संगठन मानकर बैन किया जाना चाहिए? उन्होंने बताया कि इस्कॉन दुनिया भर में कई देशों में मौजूद है और कभी भी इसतरह के मुद्दों का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन बांग्लादेश में यह समस्या सामने आई है। इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें बांग्लादेशी मुस्लिमों द्वारा इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि यदि इस्कॉन पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तब इस्कॉन के भक्तों को पकड़कर मारा जाएगा।

# यूरेनियम का विशाल भंडार कनाडा को बना देगा दुनिया का सबसे धनवान देश

ओटावा,(ईएमएस)। जलवायु संकट से निपटने के प्रयासों के बीच, परमाणु ऊर्जा पर बढ़ता वैश्विक जोर कनाडा को न्यूक्लियर एनर्जी सुपरपावर के रुप में उभरने का मौका दे रहा है। कनाडा में विशाल यूरेनियम भंडार, विशेषकर उत्तरी सस्केचेवान के अथाबास्का बेसिन में, इस संभावना को वास्तविकता में बदला जा सकता है। यूरेनियम खनन क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत कारोबारी के अनुसार, दुनिया के दृष्टिकोण में हाल के वर्षों में बड़ा बदलाव आया है, जिसके चलते इस साल यूरेनियम की वैश्विक कीमत में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है।

लेह क्यूरीर नेक्सजेन नामक कंपनी प्रमुख हैं, जो अथाबास्का बेसिन में यूरेनियम खनन के एक बड़े प्रोजेक्ट का नेतृत्व कर रहे हैं। परियोजना की लागत करीब चार अरब डॉलर है, और यह 2028 तक चालू हो सकती है। अगर नियामकों से इसकी मंजूरी मिलती है, तब यह परियोजना कनाडा को यूरेनियम उत्पादन में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बना सकती है। नेक्सजेन के अलावा, कई अन्य कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और कई पुरानी खदानों को फिर से खोल रही हैं।

परमाणु ऊर्जा को कम कार्बन उत्सर्जन के कारण प्राकृतिक गैस और कोयले जैसे अन्य ईंधनों की तुलना में पर्यावरण के लिए ठीक मानी गई है। विश्व परमाणु संघ के अनुसार, दुनिया की कुल बिजली का लगभग 10 प्रतिशत परमाणु स्त्रोतों से आता है, जबकि 50 प्रतिशत से अधिक उत्पादन कोयले और गैस से होता है। कोप28 जलवायु सम्मेलन में दो दर्जन देशों ने 2050 तक अपने परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तीन गुना बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके बाद परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में कनाडा का योगदान आने वाले समय में और अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है।

कनाडा के यूरेनियम की गुणवत्ता

रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के यूरेनियम का गुणवत्ता स्तर बहुत ऊंचा है। कनाडा की सरकार ने इस यूरेनियम का निर्यात केवल परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए किया है, जिससे इसका उपयोग केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए सुनिश्चित होता है। यह देश न केवल खनन बल्कि यूरेनियम के विनिर्माण चरण तक के लिए सभी संसाधनों से संपन्न है, जिसके कारण इसे टियर-वन परमाणु राष्ट्र भी कहा जाता है। विश्व परमाणु संघ के मुताबिक, कनाडा वर्तमान में वैश्विक यूरेनियम उत्पादन में करीब 13 प्रतिशत का योगदान देता है और यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक है। नेक्सजेन के प्रोजेक्ट से यह योगदान 25 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है, जिससे कनाडा वैश्विक यूरेनियम उत्पादन में एक महत्वपूर्ण शक्ति बन सकता है।

# आरबीआई आंकड़ेः 1 नवंबर को समाप्त पखवाड़े में उधारी और जमा वृद्धि लगभग समान

- उधारी और जमा दोनों ही 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में जारी किए गए ताजे आंकड़े द्वारा बताया गया है कि 1 नवंबर को समाप्त हुए पखवाड़े में उधारी और जमा की वृद्धि लगभग समान रही। इस दौरान उधारी और जमा दोनों ही 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी हैं। यह स्थिति पिछले 30 महीनों में पहली बार आई है, जब उधारी और जमा की वृद्धि समान रही है। पिछले पखवाड़े की तुलना में, जिसमें जमा वृद्धि उधारी से अधिक थी, 18 अक्टूबर को समाप्त हुए पखवाड़े में इस स्थिति में पलटाव देखने को मिला। इसमें उधारी वृद्धि 11.5 प्रतिशत रही, जबकि जमा वृद्धि 11.7 प्रतिशत थी। यह बदलाव उस समय के बाद आया, जब आरबीआई ने बैंकों को उधारी और जमा अनुपात को कम करने के लिए निर्देशित किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे चलकर उधारी की वृद्धि जमा से अधिक रह सकती है, खासकर चौथी तिमाही में। यह आमतौर पर उधारी की सबसे सक्रिय अवधि होती है। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े निजी बैंक ने भी अपनी उधारी वृद्धि को धीमा किया है ताकि वह अपने उधारी और जमा अनुपात को कम कर सके।

# ट्रंप के एक बयान से महिलाओं में भय व्याप्त

-गर्भनिरोधक साधनों की बढ़ रही है मांग

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के बाद महिलाओं में बर्थ कंट्रोल पिल यानी गर्भनिरोधक दवाओं की मांग बढ़ी हैं। इसके अलावा इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्शन (आपातकालीन गर्भनिरोधक) दवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। वजह ये है कि साल 2022 में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अबोर्शन राइट्स को खत्म कर दिया था। उस समय ट्रम्प ने इस फैसले का समर्थन किया था। अब महिलाओं को इस बात का डर है कि ट्रम्प सरकार के आने से उनके अबॉर्शन राइट्स पर असर पड़ सकता है। यही वजह है कि अचानक 600 प्रतिशत गर्भनिरोधक दवाओं की मांग बढ़ गई है।

हालांकि बाद में सोशल मीडिया पर ट्रंप ने स्पष्ट किया था कि उनका कभी भी अबोर्शन राइट्स और अन्य गर्भ निरोधकों को प्रतिबंधित करने का इरादा नहीं रहा। लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस कार्यकाल में गर्भनिरोधक उपायों को लेकर किस प्रकार के नियम बनाए जाएंगे, लेकिन महिलाओं में आशंका बनी हुई है। चुनाव के बाद एक सर्वे में यह पाया गया कि 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उन्हें सुरक्षित गर्भपात और उससे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं उन राज्यों में जाने पर विचार कर रही है जहां अबॉर्शन से जुड़े कानून आसान है। इसके तहत उन्हें आसानी से अबॉर्शन से जुड़ी सेवाएं मिल सकती हैं। डयूक विश्वविद्यालय के ओबी-जीवाईएन डॉ. क्लेटन अल्फोंसो ने बताया कि चुनाव के तुरंत बाद, उन्होंने अपने दो रोगियों से आईयूडी (गर्भ निरोधक उपकरण) बदलने के अनुरोध प्राप्त किए और कुछ महिलाओं ने अपनी टयूब बंधवाने के लिए भी पूछताछ की। चुनाव के बाद गर्भ निरोधक साधनों की मांग बढ़ गई है। एक आपातकालीन गर्भनिरोधक कंपनी ने बताया कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के 60 घंटों के भीतर उनकी बिक्री में 966 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महिलाओं की बढ़ती चिंताओं का एक कारण यह है कि ट्रंप पर गर्भपात विरोधी समर्थक गर्भनिरोधक विकल्पों पर प्रतिबंध लगाने का दबाव डाल रहे हैं।

# ट्रम्प ने तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई

- लोगों से समर्थन मांगा, इसके लिए बदलना होगा अमेरिकी संविधान

वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीसरी बार भी राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के पहले वाशिंगटन डीसी के एक होटल में यह बयान दिया। उनके बयान पर समर्थकों ने खुशी जाहिर की। ट्रम्प ने अमेरिकी संसद के निचले सदन के सदस्यों से कहा कि मुझे लगता है कि मैं फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नहीं लड़ूंगा। लेकिन आप अगर ऐसा चाहें हैं तो मैं ऐसा सोच सकता हूं।

अमेरिका में दो बार राष्ट्रपति बनने का प्रावधान है। ट्रम्प दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। इससे पहले वह 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। अगर ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की कोशिश करते हैं तो इसके लिए उन्हें संविधान में संशोधन करना होगा। इसके लिए अमेरिकी संसद और राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी।

73 साल पहले 2 बार राष्ट्रपति बनने का नियम बना

अमेरिका में पहले किसी व्यक्ति के सिर्फ 2 ही बार राष्ट्रपति बनने को लेकर कोई प्रावधान नहीं था। 1951 में संविधान में 22 संशोधन किया गया। इसके तहत ये नियम बनाया गया कि अमेरिका में कोई शख्स सिर्फ 2 बार ही राष्ट्रपति बन सकता है। दरअसल, अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने दो टर्म के बाद रिटायरमेंट ले लिया था। उसके बाद से राष्ट्रपति के दो टर्म से ज्यादा सेवाएं न देने का अनौपचारिक नियम ही बन गया। इसके बाद अमेरिका में यह प्रथा बन गई। 31 अमेरिकी राष्ट्रपतियों में से किसी भी राष्ट्रपति ने इस प्रथा को नहीं तोड़ा, लेकिन फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट के दौर में यह नियम टूट गया। वे 1933 से 1945 चार बार राष्ट्रपति चुनकर आए। इसके बाद 1946 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की वापसी हुई। 1947 में केंद्रीय सरकार में प्रशासनिक परिवर्तन के लिए हूवर कमीशन का गठन हुआ। इसी कमीशन की सिफारिश के बाद 22वें संशोधन के जरिए दो टर्म से ज्यादा राष्ट्रपति नहीं बनने का कानून बना दिया गया।

क्या ट्रम्प संविधान बदल सकते हैं

ट्रम्प को तीसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव के लिए उतरना है तो उन्हें अमेरिकी संविधान में बदलाव करना होगा जोकि इतना आसान नहीं है। ट्रम्प को इसके लिए अमेरिकी सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव दोनों में दो-तिहाई बहुमत से एक बिल पास कराना होगा। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के पास दोनों सदनों में इतने सदस्य नहीं हैं। सीनेट में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के पास 100 में से 52 सीनेटर है। वहीं हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में 435 में से 220 सदस्य हैं। ये संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो तिहाई यानी 67 प्रतिशत बहुमत से काफी कम है। अगर ट्रम्प ये बहुमत हासिल कर लेते हैं तब भी उनके लिए संविधान में संशोधन करना इतना आसान नहीं होगा। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों से बिल पास होने के बाद इस संशोधन के लिए राज्यों से मंजूरी लेनी होती है। इसके लिए तीन चौथाई राज्यों का बहुमत मिलन के बाद ही संविधान में संशोधन हो सकता है। यानी 50 अमेरिकी राज्यों में से अगर 38 संविधान में बदलाव के लिए राजी हो जाए तो ही नियम बदल सकते हैं। हालांकि डोनाल्ड ट्रम्प के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने वाले बयान को रिपब्लिकन पार्टी ने खारिज कर दिया है।

